26/05/2024

आकाशवाणी ईटानगर

उत्तर प्रदेश में सातवें और आखिरी चरण के चुनाव के लिए प्रचार चरम पर है। आज विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों ने अपने पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश ने भाजपा-एनडीए की अच्छी नीयत और नीतियों के कारण तीसरी बार सरकार बनाने का फैसला किया है। श्री मोदी ने दावा किया कि वे देश के गरीबों, दलितों और पिछड़े लोगो के लिए समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और अन्य वंचित समूहों के लिए आरक्षण मुसलमानों को धर्म के आधार पर नहीं दिया जाएगा।

000000000000000000

भारत के उत्तर और उत्तर पश्चिम क्षेत्र में भीषण गर्मी की स्थिति जारी है। लगातार रेड-ऑरेंज अलर्ट के साथ, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले दो से तीन दिनों तक राजस्थान, पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी की स्थिति की संभावना जताई है। पूर्वोत्तर में भी तापमान बढ़ रहा है और शनिवार दोपहर को ईटानगर में तापमान अड़तीस डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

00000000000000000000

गुजरात में राजकोट शहर के नाना मावा रोड पर स्थित टीआरपी गेमज़ोन में कल शाम भीषण आग लगने से अबतक पैंतीस लोगो की मारे जाने की ख़बर हैं। इनमें 9 बच्चे हैं माता-पिता अपने बच्चों के साथ गेम जोन में छुट्टियां मनाने आए थे।

आग लगने के बाद 5 किलोमीटर दूर से धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। यह बात सामने आई है कि गेम जोन के प्रशासकों ने वीकेंड का फायदा उठाते हुए निन्यानवें रुपये की स्कीम शुरू की, जिसमें विजिटर्स को लुभाने के लिए प्रवेश शुल्क पांच सौ रुपये से काफी कम कर दिया गया और नतीजतन यह हादसे का कारण बन गया। आग लगने के समय गेम जोन में लगभग तीन सौ लोग जमा हो गए थे। केवल एक सीढ़ी उपलब्ध होने के कारण, दूसरी और तीसरी मंजिल पर लोग फंस गए, जिससे हताहतों की संख्या बढ़ गई।

000000000000000000000

शनिवार को दिल्ली के शाहदरा में एक बेबी केयर सेंटर में आग लगने से सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि अस्पताल में बारह नवजात शिशु भर्ती थे और आग लगने से पहले ही एक की मौत हो चुकी थी। सभी बारह नवजात शिशुओं को अन्य लोगों की मदद से अस्पताल से बचाया गया और इलाज के लिए पूर्वी दिल्ली एडवांस एनआईसीयू (neonatal intensive care unit) अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि अस्पताल में सात बच्चों को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि पांच नवजात शिशुओं का इलाज चल रहा है।

00000000000000000000

नाहरलागुन पुलिस ने बताया कि बिहार के वैशाली जिले के मिर्जापुर गांव से पच्चीस वर्षीय अपहृत महिला को बचाया है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नाहरलागुन के एसपी मिहिन गाम्बो ने बताया कि आरोपी की पहचान बिहार के मिर्जापुर निवासी पिंटू राय के रूप में हुई है, जिसे बाईस मई को बिहार पुलिस की सहायता से नाहरलागुन थाने की पुलिस की एक विशेष टीम ने गिरफ्तार किया।

खबर है कि आरोपी ने पीड़िता को धोखे से बिहार बुला लिया था। एसपी गाम्बो ने बताया कि बचाई गई महिला को पूरी तरह से मेडिकल जांच के बाद स्वस्थ अवस्था में उसकी जैविक मां को सौंप दिया गया है।

0000000000000000000

भारतीय नौसेना ने चक्रवात रेमल को देखते हुए तत्काल और प्रभावी सहायता के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। इस चक्रवात के आज रात पश्चिम बंगाल में सागर द्वीप और बांग्लादेश में खेपुपारा के बीच टकराने की संभावना है और भूस्खलन कर सकता है। भारतीय नौसेना ने प्रभावित आबादी की सुरक्षा और बचाव के लिए आपदा राहत और चिकित्सा सहायता सामग्री वाले दो जहाज तैयार किए हैं। पश्चिम बंगाल प्रशासन व्यापक राहत और पुर्नवास उपाय कर रहा है। तुफान के रास्ते में आने वालों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाये जा रहे है।

इधर अरुणाचल प्रदेश में भी मौसम विभाग ने चक्रवात के दौरान सत्ताईस से तीस मई तक भारी वर्षा और आंधी-तूफान की अनुमान जताई है।

0000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शाकेत कुशवाह ने कहा कि विरासत का सटीक और पर्याप्त दस्तावेजीकरण राज्य के सांस्कृतिक लोकाचार को जीवित रखने की कुंजी है। अकादमिक जगत में आदिवासी सांस्कृतिक प्रथाओं को अपनाने पर जोर देते हुए प्रोफेसर कुशवाह ने कहा कि लोककथाओं के साथ-साथ सांस्कृतिक एनेकडोट्स का दस्तावेजीकरण और विकिपीडिया जैसे ऑनलाइन स्रोतों का उपयोग करके उन्हें ज्ञान की सामान्य धारा का हिस्सा बनाना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

श्री कुशवाहा शनिवार को आरजीयू में सांस्कृतिक शोध और प्रलेखन केंद्र द्वारा आयोजित 'टेजिंबल एण्ड इंटेजिंबल कल्चरल हेरिटेज ऑफ दी गालो ट्राईब' पर परामर्श कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की मिस इबी लोलेन ने उज्बेकिस्तान में 22वीं एशियाई आर्म रेसलिंग और 21वीं पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2024 में दोहरे कांस्य पदक जीते। सीनियर महिलाओं के सत्तर किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए, सुश्री लोलेन ने बाएं और दाएं हाथ की दोनों स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीता। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें बधाई दी।

0000000000000000000